संख्या–cm-553
09/12/2025

# मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के द्वितीय चरण के हाजीपुर–महनार पथ से चकसिकंदर तक के निर्माण कार्य का लिया जायजा, तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 09 दिसम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के द्वितीय चरण के हाजीपुर–महनार पथ से चकसिकंदर तक के निर्माण कार्य का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के प्रथम चरण के लोकार्पण के बाद पटना से राघोपुर तक की सम्पर्कता बहाल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण करते रहे हैं और इसे जल्द पूरा करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित करते रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के बचे हुये कार्यों को तेजी से पूर्ण करें। साथ–साथ पहुँच पथ का भी निर्माण कार्य पूर्ण करें ताकि आवागमन निर्बाध और सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से निर्बाध सड़क सम्पर्कता मिलेगी। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में इलाज के लिये पटना पहुँचने में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम होगा तथा उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की सम्पर्कता के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिलेगा, जिससे आवागमन और सुगम होगा। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमलोग राज्य में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का लगातार निर्माण कर आवागमन को सुगम बना रहे हैं।

ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री द्वारा 23 जून 2025 को कच्ची दरगाह (पटना) से राघोपुर दियारा (वैशाली) तक नवनिर्मित पथांश का उद्घाटन किया गया था। पटना जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–30 पर अवस्थित कच्ची दरगाह एवं वैशाली जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ सख्या–103 पर अवस्थित बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर कुल 19.76 कि0मी0 लम्बाई के 6 लेन ग्रीन फिल्ड पुल परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 9.76 कि0मी0 लम्बा पुल तथा 10 कि0मी0 लम्बा पहुंच पथों का निर्माण कार्य होना है। इस परियोजना की कुल लागत 4 हजार 988 करोड़ रूपये है।

प्रथम चरण में कच्ची दरगाह, पटना से राघोपुर दियारा, वैशाली (कुल लम्बाई 4.57 कि0मी0) का उद्घाटन हो चुका है। द्वितीय चरण में हाजीपुर–महनार पथ (एन0एच0–122बी) से चकसिकन्दर (एन0एच0–322) तक तथा तृतीय चरण में राघोपुर दियारा से हाजीपुर–महनार पथ (एच0एच0–122बी) का निर्माण किया जा रहा है। अब तक परियोजना की वर्तमान प्रगति 85 प्रतिशत है तथा शेष कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक

श्री शीर्षत कपिल अशोक, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******